UPSSSC प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2021

परीक्षा तिथि : 24 अगस्त, 2021 | **पाली : प्रथम**

निर्देश- (1-5) दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

पांच सेल्समैन द्वारा अर्जित वार्षिक कमीशन						
वर्ष	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**
सेल्समैन						
A	27350	28500	25200	29800	24600	27000
B	26850	27900	27400	28000	28500	29000
C	26200	27800	28200	29100	29400	30000
D	27850	30040	29800	30060	29800	32000
E	28640	29000	28750	30000	29750	29700
योग	136890	143240	139350	146960	142050	147700

1. वर्ष 2018 में B का कमीशन पांचों सेल्समैनों के उसी वर्ष के कुल कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत था?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) 80
(C) 98 (D) 19.05

उत्तर-(D)

वर्ष 2018 में B का अर्जित कमीशन = 28000

वर्ष 2018 में पांचों सेल्समैनों का कुल अर्जित कमीशन = 146960

$\therefore$ अभीष्ट % $= \frac{100}{146960} \times 28000 \cong 19.05\%$

2. किस सेल्समैन का 2018 में कमीशन, 2015 की तुलना में उच्चतम वृद्धि दर्शाता है?

(A) C (B) D
(C) B (D) A

उत्तर-(A)

प्रश्नानुसार

सेल्समैन A के कमीशन में वृद्धि

$$= \frac{29800 - 27350}{27350} \times 100 \cong 8.95\%$$

सेल्समैन B के कमीशन में वृद्धि $= \frac{28000 - 26850}{26850} \times 100$

$$= \frac{1150}{26850} \times 100 \cong 4.28\%$$

सेल्समैन C के कमीशन में वृद्धि $= \frac{29100 - 26200}{26200} \times 100$

$$= \frac{2900}{26200} \times 100 \cong 11.06\%$$

सेल्समैन D के कमीशन में वृद्धि $= \frac{30060 - 27850}{27850} \times 100$

$$= \frac{2210}{27850} \times 100 \cong 7.93\%$$

अतः सेल्समैन C का 2018 में कमीशन 2015 की तुलना में उच्चतम वृद्धि को दर्शाता है।

3. निम्न में से किस वर्ष में किसी भी सेल्समैन द्वारा अर्जित उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर अधिकतम है?

(A) 2020 (B) 2019
(C) 2018 (D) 2017

उत्तर-(B)

वर्ष 2020 में किसी भी सेल्समैन द्वारा अर्जित उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर = 32000 - 27000 = 5000

वर्ष 2019 में उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर
= 29800 - 24600
= 5200

वर्ष 2018 में उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर
= 30060 – 28000
= 2060

वर्ष 2017 में उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर
= 29800 – 25200
= 4600

अतः वर्ष 2019 में किसी भी सेल्समैन द्वारा अर्जित उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर अधिकतम है।

4. वर्ष 2019 में सेल्समैन D द्वारा अर्जित कमीशन A द्वारा अर्जित कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत है?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) 52
(C) 21 (D) 18

उत्तर-(A)

वर्ष 2019 में सेल्समैन D द्वारा अर्जित कमीशन = 29800

वर्ष 2019 में सेल्समैन A द्वारा अर्जित कमीशन = 24600

$\because$ 24600 = 100%

$\therefore$ $29800 = \frac{100}{24600} \times 29800$

= 121.13%

= 121%

अतः वर्ष 2019 में सेल्समैन D द्वारा अर्जित कमीशन A द्वारा अर्जित कमीशन का लगभग 121% है।

5. किस वर्ष में सेल्समैन C द्वारा अर्जित कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम वृद्धि दर्शाता है?

(A) 2019 (B) 2018
(C) 2017 (D) 2016

उत्तर-(D)

वर्ष 2016 में C द्वारा अर्जित कमीशन में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि = 27800 - 26200 = 1600

इसी प्रकार वर्ष 2017 में वृद्धि = 28200 - 27800

= 400

इसी प्रकार वर्ष 2018 में वृद्धि = 29100 - 28200

= 900

वर्ष 2019 में वृद्धि = 29400 - 29100 = 300

अतः वर्ष 2016 में C द्वारा अर्जित कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम वृद्धि है।

निर्देश- (6-10) : दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

विभिन्न महीनों में चार शेयर ब्रोकर में खुले खातों की संख्या (सैकड़ों में)

शेयर ब्रोकर	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितंबर
एंजल	25	28	35	65	55
शेरखान	22	18	32	30	45
जेरोधा	30	45	50	35	40
ट्रेडबुल	35	42	45	50	60

6. अगस्त में खुले खातों की संख्या जून में खुले खातों की संख्या से लगभग कितने प्रतिशत कम या ज्यादा थी?

(A) 40 (B) 34.6
(C) 35.3 (D) 33.5

उत्तर-(C)

अगस्त में खुले खातों की संख्या = 65 + 30 + 35 + 50

= 180

जून में खुले खातों की संख्या = 28 + 18 + 45 + 42

= 133

$\therefore$ अगस्त में खुले खातों की संख्या जून में खुले खातों की संख्या से अधिक है।

$\therefore$ % अधिकता $= \frac{180-133}{133} \times 100$

= 35.3%

7. मई से सितंबर तक एंजल में खुले खातों की संख्या से जेरोधा में खुले खातों की संख्या का अनुपात क्या है?

(A) 1.04 (B) 2.25
(C) 0.75 (D) 1.5

उत्तर-(a)

मई से सितंबर तक एंजल में खुले खातों की संख्या

= 25 + 28 + 35 + 65 + 55 = 208

मई से सितंबर तक जेरोधा में खुले खातों की संख्या

= 30 + 45 + 50 + 35 + 40 = 200

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = 208 : 200

$= \frac{104}{100} = \frac{1.04}{1}$

= 1.04

8. किस शेयर ब्रोकर में खुले खातों की औसत संख्या महत्तम है?

(A) जेरोधा (B) ट्रेडबुल
(C) शेरखान (D) एंजल

उत्तर-(B)

एंजल में खुले खातों की औसत संख्या

$= \frac{25+28+35+65+55}{5} = \frac{208}{5} = 41.6$

शेरखान में खुले खातों की औसत संख्या

$= \frac{22+18+32+30+45}{5} = \frac{147}{5} = 29.4$

जेरोधा में खुले खातों की औसत संख्या

$= \frac{30+45+50+35+40}{5} = \frac{200}{5} = 40$

ट्रेडबुल में खुले खातों की औसत संख्या

$= \frac{35+42+45+50+60}{5} = \frac{232}{5} = 46.4$

अतः ट्रेडबुल शेयर ब्रोकर में खुले खातों की औसत संख्या महत्तम है।

9. ट्रेडबुल में खुले खातों की संख्या का औसत शेरखान में खुले खातों की संख्या के औसत का लगभग कितना प्रतिशत कम या ज्यादा था?

(A) 50.69 (B) 45.90

(C) 60 (D) 57.82

उत्तर-(D)

ट्रेडबुल में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{35+42+45+50+60}{5}$$

$$= \frac{232}{5} = 46.4$$

तथा शेरखान में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{22+18+32+30+45}{5}$$

$$= \frac{147}{5} = 29.4$$

$$\therefore \text{ \% अधिकता } = \frac{46.4-29.4}{29.4} \times 100$$

$$= \frac{1700}{29.4} = 57.82\%$$

10. निम्नलिखित में से किस महीने में खुले खातों की संख्या की औसत महत्तम है?

(A) मई (B) अगस्त

(C) सितंबर (D) जून

उत्तर-(C)

मई माह में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{25+22+30+35}{4} = \frac{112}{4} = 28$$

जून माह में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{28+18+45+42}{4} = \frac{133}{4} = 33.25$$

अगस्त माह में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{65+30+35+50}{4} = \frac{180}{4} = 45$$

सितंबर माह में खुले खातों की औसत संख्या

$$= \frac{55+45+40+60}{4} = \frac{200}{4} = 50$$

अतः सितंबर माह में खुले खातों की औसत संख्या महत्तम है।

11. निम्न में से कौन-से संत शिवाजी के समकालीन थे?

(A) शंकराचार्य (B) नामदेव

(C) चैतन्य (D) तुकाराम

उत्तर-(D)

संत तुकाराम शिवाजी के समकालीन थे। संत तुकाराम 17वीं शताब्दी के एक महान संत, कवि और महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे।

12. बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?

(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड लिटन

(C) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स (D) लॉर्ड क्लाइव

उत्तर-(C)

लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स (1772-85) बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल थे। इनके शासनकाल में रेग्युलेटिंग एक्ट 1773, पिट्स इंडिया एक्ट 1784 आदि महत्वपूर्ण घटनाएं हुई थीं।

13. चरक संहिता संबंधित है—

(A) गणित (B) वास्तुकला

(C) चिकित्सा (D) राजनीति

उत्तर-(C)

चरक संहिता आयुर्वेद (चिकित्सा) का एक मूल ग्रंथ है। यह प्रसिद्ध ग्रंथ संस्कृत भाषा में है, जिसके रचयिता आचार्य चरक थे।

14. भारत में शासन करने वाले दिए गए शासकों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है?

(I) शेरशाह सूरी **(II) अकबर**

(III) अलाउद्दीन खिलजी **(IV) इल्तुतमिश**

(A) III, IV, I, II (B) I, II, III, IV

(C) IV, III, I, II (D) IV, I, III, II

उत्तर-(C)

शासक	**शासनकाल**
इल्तुतमिश	1210-36
अलाउद्दीन खिलजी	1296-1316
शेरशाह सूरी	1540-45
अकबर	1556-1605

अतः विकल्प (C) शासकों का कालक्रमानुसार सही विकल्प है।

15. इनमें से किसे भारत के 'ग्रांड ओल्ड मैन' के नाम से जाना जाता है?

(A) सुरेंद्र नाथ बनर्जी (B) फिरोजशाह मेहता

(C) डब्ल्यू.सी. बनर्जी (D) दादाभाई नौरोजी

उत्तर-(D)

दादाभाई नौरोजी (1825-1917) को 'ग्रांड ओल्ड मैन' के नाम से जाना जाता है। सन् 1867 में दादाभाई नौरोजी ने 'Drain of Wealth ' थ्योरी प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि कैसे भारत का धन भारत से इंग्लैड जा रहा था।

16. सन् 1915-16 में किसके नेतृत्व में दो होमरूल लीग शुरू हुई?

(A) तिलक और अरबिंद घोष

(B) तिलक और बिपिन चंद्र पाल

(C) तिलक और लाला लाजपत राय

(D) एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक

उत्तर-(D)

सन् 1915-16 में एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में दो होमरूल लीग शुरू हुई। तिलक के द्वारा इंडियन होम रूल लीग अप्रैल, 1916 में बेलगाम से शुरू की गई और एनी बेसेंट ने होमरूल लीग सितंबर, 1916 में मद्रास से प्रारंभ किया।

17. निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(A) A.D. 1709 - औरंगजेब की मृत्यु

(B) A.D. 622 - मुस्लिम युग की शुरुआत

(C) A.D. 78 - शक संवत की शुरुआत

(D) B.C. 261 - कलिंग युद्ध

उत्तर-(A)

औरंगजेब की मृत्यु - A.D. 1707

मुस्लिम युग की शुरुआत - A.D. 622

शक संवत की शुरुआत - A.D. 78

कलिंग युद्ध - B.C. 261

18. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया?

(A) महात्मा गांधी (B) सुभाष चंद्र बोस

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) सरदार पटेल

उत्तर-(A)

'करो या मरो' का नारा महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के समय दिया। जबकि 'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहर अली ने दिया था। यूसुफ मेहर अली ने ही सर्वप्रथम इस स्लोगन को 8 अगस्त, 1942 को बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान पर अखिल भारतीय कांग्रेस महासमिति के सामने पेश किया था।

19. निम्न का मिलान करें—

a. ब्रह्म समाज	**1. स्वामी विवेकानंद**
b. रामकृष्ण मिशन	**2. दयानन्द सरस्वती**
c. आर्य समाज	**3. राम मोहन राय**
d. सत्यशोधक समाज	**4. के. श्रीधरालू नायडू**
	5. ज्योतिराव फूले

	a	b	c	d
(A)	3	2	1	5
(B)	3	1	2	5
(C)	3	1	2	4
(D)	2	3	5	1

उत्तर-(B)

ब्रह्म समाज - राम मोहन राय

रामकृष्ण मिशन - स्वामी विवेकानंद

आर्य समाज - दयानन्द सरस्वती

सत्यशोधक समाज - ज्योतिराव फूले

20. सलाल पन-बिजली परियोजना किस नदी पर स्थित है?

(A) ब्यास (B) चिनाब

(C) रावी (D) झेलम

उत्तर-(B)

सलाल पन-बिजली परियोजना जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर स्थापित है। इस परियोजना की अभिकल्पना वर्ष 1920 में की गई, प्रोजेक्ट की व्यवहार्यता संबंधी अध्ययन वर्ष 1951 में पूरा हुआ और वर्ष 1970 में इसका निर्माण शुरू हुआ।

21. वसंत विषुव होता है—

(A) 22 दिसंबर को (B) 23 सितंबर को

(C) 18 जून को (D) 21 मार्च को

उत्तर-(D)

वसंत विषुव 21 मार्च को होता है। इस तिथि को उपसौर बिंदु दक्षिणी गोलार्द्ध को छोड़कर उत्तरी गोलार्द्ध की तरफ बढ़ता हुआ प्रतीत होता है। इसी को दक्षिणी गोलार्द्ध में शब्द विषुव कहते है। जबकि इसी तिथि को उत्तरी गोलार्द्ध में वसंत विषुव कहा जाता है। यह विषुव ग्रीनविच रेखा पर 19 मार्च से लेकर 21 मार्च के बीच आती है।

22. राजस्थान में 'खेतड़ी परियोजना' किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(A) एल्युमीनियम (B) तांबा

(C) इस्पात (D) जस्ता

उत्तर-(B)

राजस्थान में 'खेतड़ी परियोजना' तांबा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। खेतड़ी नगर भारत के राजस्थान राज्य के झुंझुन जिले में स्थित एक नगर है, जो कि तांबा उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। खेतड़ी में भारत का एकमात्र तांबा उत्पादक संस्थान 'हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड' है, जिस वजह से भी यह देश में विशेष स्थान रखता है।

23. जब सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, तो इस पद का प्रस्ताव किसे दिया गया?

(A) जे.बी. कृपलानी
(B) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(C) पट्टाभि सीतारमैया
(D) जवाहरलाल नेहरू

उत्तर-(B)

जब सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया तो इस पद का प्रस्ताव डॉ. राजेंद्र प्रसाद को दिया गया। सन् 1939 में सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में पट्टाभि सीतारमैया को हरा कर अध्यक्ष बने। बोस की जीत पर गांधीजी ने कहा कि सीतारमैया की हार मेरी हार है। नतीजन पूरी कांग्रेस कार्य समिति ने इस्तीफा दे दिया। मजबूर होकर बोस ने भी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके पश्चात इस पद का प्रस्ताव डॉ राजेंद्र प्रसाद को दिया गया।

24. निम्नलिखित में से कौन-सी हिमालयी नदी तंत्र की नदियां हैं?

I. कावेरी **II. गंगा**
III. ब्रह्मपुत्र **IV. गोदावरी**

(A) II और IV (B) III और IV
(C) II और III (D) I और II

उत्तर-(C)

गंगा और ब्रह्मपुत्र हिमालयी नदी तंत्र की नदियां हैं। हिमालयी तंत्र की नदियों में वर्ष भर जल का प्रवाह बना रहता है क्योंकि हिमालय से निकलने वाली नदियां बर्फ और ग्लेशियरों के पिघलने से बनी हैं।

25. बैंक दर का अर्थ है—

(A) देश के केंद्रीय बैंक द्वारा ली जाने वाली आधिकारिक ब्याज दर
(B) बैंकिंग संस्थाओं के लाभ की दर
(C) अनुसूचित बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर
(D) साहूकारों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर

उत्तर-(A)

बैंक दर, देश के केंद्रीय बैंक द्वारा ली जाने वाली आधिकारिक ब्याज दर है।

26. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है—

(A) केरल (B) पश्चिम बंगाल
(C) असम (D) मध्य प्रदेश

उत्तर-(C)

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडों के लिए प्रसिद्ध है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1985 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

27. इनमें से किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में संसाधनों पर निजी अधिकार होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है?

(A) वैश्विक (B) मिश्रित
(C) समाजवादी (D) पूंजीवादी

उत्तर-(D)

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में संसाधनों पर निजी अधिकार होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है। भारत की अर्थव्यवस्था पूंजीवादी और समाजवादी दोनों का मिश्रित रूप है।

28. सौ रुपये का नोट किसके द्वारा हस्ताक्षरित होता है?

(A) वित्त सचिव
(B) वित्त मंत्री
(C) भारत के राष्ट्रपति
(D) आर.बी.आई. गवर्नर

उत्तर-(D)

सौ रुपये का नोट आर.बी.आई. गवर्नर द्वारा हस्ताक्षरित होता है। तथा एक रुपये का नोट भारत के वित्त मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित होता है।

29. यदि आर.बी.आई. नकद कोषानुपात को घटा दे, तो साख सृजन पर क्या असर होगा?

(A) इसमें से कोई नहीं
(B) बढ़ जाएगी
(C) घट जाएगी
(D) कोई असर नहीं होगा

उत्तर-(B)

यदि आर.बी.आई. नकद कोषानुपात को घटा दे तो साख सृजन बढ़ जाएगी तथा यदि आर.बी.आई. नकद कोषानुपात को बढ़ा दे तो साख सृजन घट जाएगी।

30. भारत के संविधान में 'जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' किसमें शामिल है?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) संघ सूची में
(C) समवर्ती सूची में (D) राज्य सूची में

उत्तर-(D)

भारत के संविधान में 'जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' राज्य सूची में शामिल है। जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्थानीय शासन, मत्स्य पालन, सिंचाई, कृषि, सड़क, वन इत्यादि राज्य सूची में शामिल विषय हैं। वर्तमान समय में राज्य सूची में 61 विषयों को सम्मिलित किया गया है।

31. भारत में पंचायती राज व्यवस्था इसके अंतर्गत रखी गई है—

(A) इनमें से कोई नहीं
(B) राज्य नीति के निदेशक तत्व
(C) मौलिक कर्तव्य
(D) मूल अधिकार

उत्तर-(B)

भारत में पंचायती राजव्यवस्था राज्य नीति के निदेशक तत्व के अंतर्गत अनुच्छेद 40 में रखी गई है। संविधान में भाग-9 के अंतर्गत भी पंचायती राज्य से संबंधित उपबंधों की चर्चा की गई है। भाग-9 में 'पंचायतें' शीर्षक के तहत अनुच्छेद 243-243ण (243-243(O)) तक पंचायती राज से संबंधित उपबंध है। अतः विकल्प (B) सही उत्तर है।

32. फेमा (FEMA) का पूर्ण रूप क्या है?

(A) Foreign Export Market Agency
(B) Finance and Export Management Association
(C) Foreign Exchange Management Act
(D) Funds Exchange Media Agency

उत्तर-(C)

[फेमा (FEMA) का पूर्ण रूप]– Foreign Exchange Management Act है।

33. निम्न में किसने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' रखा?

(A) बी.एन. राव (B) बी.आर. अंबेडकर
(C) महात्मा गांधी (D) जवाहरलाल नेहरू

उत्तर-(D)

जवाहरलाल नेहरू ने 13 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' रखा। जिसे 22 जनवरी, 1947 को सर्व सम्मति से शामिल कर लिया गया।

34. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अल्पसंख्यकों के हित निहित हैं?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) अनुच्छेद 29
(C) अनुच्छेद 24 (D) अनुच्छेद 21

उत्तर-(B)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 में अल्पसंख्यकों के हित निहित है। अनुच्छेद 24, कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध करता है तथा अनुच्छेद 21व्यक्ति के प्राण और दैहिक स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करता है।

35. ठोस चालक में धारा वाहक होते हैं—

(A) इनमें से कोई नहीं (B) मुक्त इलेक्ट्रॉन
(C) न्यूट्रॉन (D) प्रोटॉन

उत्तर-(B)

ठोस चालक में मुक्त इलेक्ट्रॉन धारा वाहक होते हैं। वे इलेक्ट्रॉन जो परमाणु में किसी कक्षा में नहीं होते बल्कि स्वतंत्र रहते हैं, मुक्त इलेक्ट्रॉन कहलाते हैं। किसी भी पदार्थ में विद्युत धारा प्रवाह इलेक्ट्रॉन के द्वारा ही होता है।

36. शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जो कि संबंधित है—

(A) इनमें से कोई नहीं
(B) अनुच्छेद 29 एवं 30 से
(C) अनुच्छेद 19 से
(D) अनुच्छेद 21A से

उत्तर-(D)

शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद 21A से संबंधित है। जबकि अनुच्छेद 29 एवं 30 का संबंध सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार से है। अनुच्छेद 19 का संबंध स्वतंत्रता से संबंधित 6 अधिकारों की सुरक्षा से है।

37. ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक नाम यह भी है—

(A) सोडियम क्लोराइड (NaCl)
(B) सोडियम बाइकार्बोनेट ($NaHCO_3$)
(C) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड ($CaOCl_2$)
(D) कैल्शियम सल्फेट ($CaSO_4$)

उत्तर-(C)

ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक नाम कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड ($CaOCl_2$) और कैल्शियम हाइपोक्लोराइट है।

38. 18 कैरेट सोने में खरे सोने का प्रतिशत है—

(A) 100% (B) 80%

(C) 75% (D) 60%

उत्तर-(C)

18 कैरेट सोने में खरे सोने का प्रतिशत 75 प्रतिशत होता है।

39. संतरे में बहुतायत होता है—

(A) इनमें से कोई नहीं (B) विटामिन B

(C) विटामिन A (D) विटामिन C

उत्तर-(D)

संतरे में बहुतायत में विटामिन C होता है। खट्टे पदार्थों में विटामिन C प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग भी हो सकता है। विटामिन C हमारी कोशिकाओं को मजबूती और सुरक्षा प्रदान करती है।

40. $\sqrt{\frac{?}{196}} = \frac{72}{56}$

(A) 212 (B) 324

(C) 14 (D) 18

उत्तर-(B)

$$\sqrt{\frac{?}{196}} = \frac{72}{56} = \frac{9}{7}$$

$$\sqrt{\frac{?}{196}} = \frac{9}{7}$$

दोनों तरफ का वर्ग करने पर–

$$\left(\sqrt{\frac{?}{196}}\right)^2 = \left(\frac{9}{7}\right)^2$$

$$\frac{?}{196} = \frac{81}{49}$$

$$? = \frac{81 \times 196}{49} = 324$$

41. प्रकाश वर्ष किसके मापन की इकाई है?

(A) हवाई जहाज की गति की

(B) एक वर्ष में निर्वात में प्रकाश द्वारा चली गई दूरी की

(C) एक वर्ष में निर्वात में ध्वनि द्वारा चली गई दूरी की

(D) एक वर्ष में मापी गई रॉकेट की गति की

उत्तर-(B)

प्रकाश वर्ष एक वर्ष में निर्वात में प्रकाश द्वारा चली गई दूरी की मापन की इकाई है।

42. $\frac{\sqrt{5}-\sqrt{3}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}$ **इसके बराबर है—**

(A) 1 (B) $\frac{1}{2}$

(C) $4-\sqrt{15}$ (D) $4+\sqrt{15}$

उत्तर-(C)

$$\frac{\sqrt{5}-\sqrt{3}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}} = \frac{\left(\sqrt{5}-\sqrt{3}\right)\left(\sqrt{5}+\sqrt{3}\right)}{\left(\sqrt{5}+\sqrt{3}\right)\left(\sqrt{5}+\sqrt{3}\right)}$$

$$= \frac{\left(\sqrt{5}\right)^2-\left(\sqrt{3}\right)^2}{\left(\sqrt{5}+\sqrt{3}\right)^2}$$

$$= \frac{5-3}{5+3+2\sqrt{5}+\sqrt{3}} = \frac{2}{8+2\sqrt{15}}$$

$$= \frac{1}{4+\sqrt{15}} = 4-\sqrt{15}$$

43. टी.बी. सेट का मूल्य 30 प्रतिशत घटाने पर उसकी बिक्री 20% बढ़ गई। दुकानदार की आय पर उसका क्या प्रभाव पड़ा?

(A) 16% घटी (B) 16% बढ़ी

(C) 10% घटी (D) 10% बढ़ी

उत्तर-(A)

मू. × बिक्री = आय

पूर्व $\rightarrow$ 10 × 10 = 100

परिवर्तित $\rightarrow$ 7 × 12 = 84

$\therefore$ आय में % कमी = 100 – 84

= 16%

44. चार खिलाड़ियों की औसत उम्र 18.5 वर्ष है। अगर कोच की उम्र भी इसमें शामिल की जाए तो औसत उम्र 20% बढ़ जाती है, तो कोच की उम्र है—

(A) 37 वर्ष (B) 34 वर्ष

(C) 31 वर्ष (D) 28 वर्ष

उत्तर-(A)

चार खिलाड़ियों की कुल आयु = 4 × 18.5 = 74

अध्यापक सहित चार खिलाड़ियों की औसत आयु = $18.5 \times \frac{120}{100}$

= 22.2

∴ अध्यापक और चारों खिलाड़ियों की कुल आयु

$= 22.2 \times 5 = 111$

∴ अध्यापक की आयु = (111–74) वर्ष

= 37 वर्ष

45. $\dfrac{885\times885\times885+115\times115\times115}{885\times885+115\times115-885\times115}$

(A) 1000 (B) 885

(C) 770 (D) 115

उत्तर-(A)

$$\frac{885\times885\times885+115\times115\times115}{885\times885+115\times115-885\times115}$$

$$=\frac{(885)^3+(115)^3}{(885)^2+(115)^2-885\times115}$$

$$=\frac{(885)+(115)\,[(885)^2+(115)^2-885\times115]}{[(885)^2+(115)^2-885\times115]}$$

$= 885 + 115 = 1000$

46. 'दर्प' का पर्यायवाची कौन-सा है?

(A) स्वाभिमान (B) व्यथा

(C) अहंकार (D) तिरस्कार

उत्तर-(C)

'दर्प' का पर्यायवाची अहंकार, अभिमान, घमंड इत्यादि होता है।

47. 'मन को हरने वाला' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिए—

(A) मदमयी (B) मदमस्त

(C) मनोहर (D) मर्मान्तक

उत्तर-(C)

'मन को हरने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द 'मनोहर' है, 'जो मद में उन्मत्त हो' वाक्य के लिए एक शब्द 'मदमस्त' तथा 'मर्मस्थल को छेदने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द 'मर्मान्तक' है।

48. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(A) कम बोलना

(B) बहुत बोलना

(C) थोड़े में बहुत कहना

(D) दोहों की रचना करना

उत्तर-(C)

'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ 'थोड़े में बहुत कहना' होता है।

49. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(A) महात्वाकांक्षा (B) महत्त्वाकांक्षा

(C) माहत्वाकांक्षा (D) महत्वकांक्षा

उत्तर-(B)

'महत्त्वाकांक्षा' शुद्ध वर्तनी है, शेष अशुद्ध हैं।

50. 'एकल' का विलोम शब्द है—

(A) अकेला (B) उपयुक्त

(C) पर्याप्त (D) बहुल

उत्तर-(D)

'एकल' का विलोम 'बहुल' होता है। 'अकेला', 'दुकेला' का; 'उपयुक्त', 'अनुपयुक्त' का तथा 'पर्याप्त' 'अपर्याप्त' का विलोम होता है।

Directions : Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (51-53)

Nehru's was a many-sided personality. He enjoyed reading and writing books as much as he enjoyed fighting political and social evils or resisting tyranny. In him the scientist and the humanist were held in perfect balance. While he kept looking at social problems from a scientific standpoint, he never forgot that we should nourish the total man. As a scientist, he refused to believe, in a benevolent power interested in men's affairs; but, as a self-proclaimed non-believer, he loved affirming his faith in life and the beauty of nature. Children he adored. Unlike Wordsworth, he did not see them trailing clouds of glory from their recent sojourn in heaven. He saw them as blossoms of promise and renewal, the only hope for mankind.

51. Pt. Nehru enjoyed :

(A) doing all these and much more.

(B) resisting tyranny.

(C) fighting political and social evils.

(D) reading and writing books.

उत्तर-(A)

As per given passage, Pt. Nehru enjoyed reading and writing books, fighting political and social evils and resisting tyranny. Hence option (a) doing all these and much more, is correct option.

52. Which of the following statements reflects Pt. Nehru's point of view ?

(A) There is no common ground between Science and Humanism.

(B) Science and Humanism are equally important.
(C) Science is supreme and Humanism is subordinate to it.
(D) Humanism is more important than Science.

उत्तर-(B)

As per the passage, Pt. Nehru had perfect balance of scientists and humanist in him. Therefore option (B) reflects Pt. Nehru's point of view correctly.

53. A many-sided personality means :

(A) a capable person
(B) a person having varied interests
(C) a secretive personality
(D) a complex personality

उत्तर-(B)

A many-sided personality means that kind of personality in which a person takes interest in diverse fields of lifes (like he/she may take interest in literature as well as war). Hence option (B) is correct option.

54. Give Antonym for the following :
Transparent

(A) Clear (B) Opaque
(C) Limpid (D) Obvious

उत्तर-(B)

Transparent is attributed to a material or article, through which light can pass easily so that objects behind it can be distinctly seen. While Opaque is something through which light cannot pass and hence is not see through. So, option (B) is correct antonym.

55. Give Synonym for the following :
Famous

(A) Steady (B) Popular
(C) Poor (D) Awful

उत्तर-(B)

Famous is someone who is widely known. Steady is something which is not shaking. Poor is someone who does not have enough money to live while Awful is something or someone who is unpleasant. Hence, correct synonym for famous is option (B) Popular. Other synonyms for famous are well known, prominent and famed.

56. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए—
पक्षीविज्ञानी : पक्षी :: नृविज्ञानी : ?

(A) पर्यावरण (B) मानव
(C) पशु (D) पौधे

उत्तर-(B)

जिस प्रकार पक्षीविज्ञानी के अंतर्गत पक्षियों का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार नृविज्ञानी के अंतर्गत मानव के विभिन्न (समाज के अतीत और वर्तमान) पहलुओं का अध्ययन किया जाता है।

57. किसी निश्चित कूट में PRODUCTIONS को QQPCVEUHPMT लिखा जाता है। इसी कूट में ORIENTATION किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) NSHFMVBSJNO
(B) PSJFOVBSJNO
(C) PQJDOUBUJPO
(D) PQJDOVBSJNO

उत्तर-(D)

जिस प्रकार

P	R	O	D	U	C	T	I	O	N	S
+1↓	-1↓	+1↓	-1↓	+1↓	+2↓	+1↓	-1↓	+1↓	-1↓	+1↓
Q	Q	P	C	V	E	U	H	P	M	T

उसी प्रकार

O	R	I	E	N	T	A	T	I	O	N
+1↓	-1↓	+1↓	-1↓	+1↓	+2↓	+1↓	-1↓	+1↓	-1↓	+1↓
P	Q	J	D	O	V	B	S	J	N	O

58. रीता की ओर इशारा करते हुए निखिल ने कहा, ''मैं उनकी मां के पुत्र का इकलौता पुत्र हूं।'' रीता, निखिल से किस प्रकार संबंधित है?

(A) चचेरी बहन (B) मां
(C) भतीजी (D) बुआ

उत्तर-(D)

प्रश्नानुसार



अतः रीता, निखिल की बुआ होगी।

59. यदि किसी वर्ष में 25 अगस्त को गुरुवार है, तो उसी महीने में सोमवार की संख्या है—

(A) 6 (B) 5
(C) 4 (D) 3

उत्तर-(B)

25 अगस्त = गुरुवार

∴ 29 अगस्त = सोमवार

∴ 22 अगस्त = सोमवार

15 अगस्त = सोमवार

8 अगस्त = सोमवार

1 अगस्त = सोमवार

इस प्रकार उस माह में कुल 5 सोमवार पड़ेंगे।

60. उस शब्द का चयन कीजिए जो समूह के बाकी शब्दों से मेल नहीं रखता।

(A) पनीर (B) तेल

(C) मक्खन (D) दही

उत्तर-(B)

पनीर, मक्खन एवं दही दूध से प्राप्त होता हैं, जबकि तेल, तिलहनी फसलों से प्राप्त होता। अतः तेल अन्य तीनों से भिन्न है।

61. कौन-सी भारतीय दूरसंचार कंपनी विश्व की पांचवीं सबसे मजबूत ब्रांड है ?

(A) वोडाफोन (B) आइडिया

(C) भारती एयरटेल (D) रिलायंस जिओ

उत्तर-(D)

ब्रॉड फाइनेंस ग्लोबल-500, 2021 रैंकिंग के अनुसार, रिलायंस जिओ भारतीय दूरसंचार कंपनी विश्व की पांचवीं सबसे मजबूत ब्रांड है।

62. बोल्ड (BOLD : Bamboo Oasis on Lands in Drought) परियोजना हाल ही में भारत के किस राज्य में शुरू की गई?

(A) मध्य प्रदेश (B) बिहार

(C) हरियाणा (D) राजस्थान

उत्तर-(D)

बोल्ड (BOLD : Bamboo Oasis on Lands in Drought) परियोजना हाल ही में भारत के राजस्थान राज्य से शुरू की गई। स्वतंत्रता के 75 वर्ष 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के खादी बांस महोत्सव' के हिस्से के रूप में यह पहल शुरू की गई।

63. संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स (COVAX) योजना के अंतर्गत कोविड-19 की मुफ्त वैक्सीन पाने वाला पहला देश कौन-सा है?

(A) सूडान (B) अफ्रीका

(C) नाइजीरिया (D) घाना

उत्तर-(D)

संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स (COVAX) योजना के अंतर्गत कोविड-19 की मुफ्त वैक्सीन पाने वाला पहला देश घाना है।

64. निम्न में से किस शहर में लाइट हाउस परियोजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है?

(A) पटना (B) चेन्नई

(C) रांची (D) अगरतला

उत्तर-(A)

पटना शहर में लाइट हाउस परियोजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है। लाइट हाउस परियोजना का क्रियान्वयन इंदौर (म.प्र.), राजकोट (गुजरात), चेन्नई (तमिलनाडु), अगरतला (त्रिपुरा), रांची (झारखंड) और लखनऊ (उ.प्र.) में हुआ है।

65. उस भारतीय पहलवान का नाम क्या है, जिस पर हाल ही में डोपिंग के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया?

(A) पवन कुमार (B) रविंदर सिंह

(C) सुमित मलिक (D) योगश्वर दत्त

उत्तर-(C)

सुमित मलिक वह भारतीय पहलवान हैं, जिन पर हाल ही में डोपिंग के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

66. भारत का वह कौन-सा प्रथम राज्य है, जहां एंड-टू-एंड ई-कैबिनेट प्रणाली लागू की गई है?

(A) हरियाणा (B) गोवा

(C) हिमाचल प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(C)

हिमाचल प्रदेश भारत का वह प्रथम राज्य है, जहां एंड-टू-एंड ई-कैबिनेट प्रणाली फरवरी, 2021 से लागू की गई।

67. किस भारतीय मंत्रालय द्वारा हाल ही में 2019-2020 के लिए यू.डी.आई.एस.ई.+ (UDISE+) शुरू किया गया?

(A) गृह मंत्रालय (B) वित्त मंत्रालय

(C) शिक्षा मंत्रालय (D) स्वास्थ्य मंत्रालय

उत्तर-(C)

शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2019-2020 के लिए यू.डी.आई.एस.ई.+ (UDISE+) शुरू किया गया है। Unified District Information System for Education (UDISE) 2012-13 में शुरू किया गया था, जो प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए डीआईएसई को एकीकृत करता है। यह स्कूली शिक्षा पर सबसे बड़ी प्रबंधन सूचना प्रणाली में से यह एक है।

68. अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी महिला अंतरिक्षयात्री कौन हैं?

(A) कल्पना चावला

(B) रितु कारीधाल

(C) श्रेया बांदला

(D) सिरीषा बांदला

उत्तर-(D)

सिरीषा बांदला अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी महिला अंतरिक्षयात्री हैं।

69. आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल 'SUPACE' भारत में किस न्यायालय के लिए शुरू किया गया?

(A) इनमें से कोई नहीं

(B) सर्वोच्च न्यायालय

(C) गुजरात उच्च न्यायालय

(D) दिल्ली उच्च न्यायालय

उत्तर-(B)

आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल "SUPACE" भारत में सर्वोच्च न्यायालय के लिए शुरू किया गया, जिसका पूर्ण रूप है–Supreme Court Portal for Assistance in Courts Efficiency.

70. कितने भारतीय राज्य नेपाल से सीमा साझा करते हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पांच

उत्तर-(D)

पांच भारतीय राज्य नेपाल से सीमा साझ करते हैं, जो इस प्रकार हैं–उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल।

71. निम्न में से कोस्टा रिका की राजधानी कौन-सी है?

(A) ढाका (B) दिल्ली

(C) सान जोस (D) बीजिंग

उत्तर-(C)

कोस्टा रिका की राजधानी सान जोस है।

72. स्मार्टफोन निर्माता 'वीवो' ने किस क्रिकेट खिलाड़ी को अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया?

(A) शिखर धवन

(B) ईशांत शर्मा

(C) एम.एस. धौनी

(D) विराट कोहली

उत्तर-(D)

स्मार्टफोन निर्माता 'वीवो' ने विराट कोहली को अपना ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है।

73. भारत के संविधान के अनुसार, लोक सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या क्या है?

(A) 552 (B) 550

(C) 540 (D) 530

उत्तर-(B)

लोक सभा के सदस्य जनता द्वारा प्रत्यक्ष निर्वाचन से चुने जाते हैं। इसके सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 (530 राज्यों + 20 केंद्रशासित प्रदेशों + 2 एंग्लो-इंडियन समुदाय से) थी। [अनुच्छेद 81, 331] किंतु 104वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा लोक सभा एवं राज्य विधानसभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए सदस्यों को नामित करने की व्यवस्था को आगे न बढ़ाते हुए निष्प्रभावी कर दिया गया है, तदनुसार अब लोक सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 550 ही हो सकती है।

74. 'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है?

(A) अक्टूबर, 3 (B) नवंबर, 2

(C) अक्टूबर, 1 (D) सितंबर, 14

उत्तर-(D)

'हिन्दी दिवस' प्रति वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। आधिकारिक रूप से पहला हिन्दी दिवस वर्ष 1953 में मनाया गया था।

75. इनमें से कौन-सा देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है?

(A) म्यांमार

(B) अफगानिस्तान

(C) बांग्लादेश

(D) नेपाल

उत्तर-(A)

म्यांमार देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है। सार्क के सदस्य हैं–भारत, भूटान, अफगानिस्तान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाली, पाकिस्तान और श्रीलंका।

76. केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप की आधिकारिक भाषा निम्न में से क्या है?

(A) सिंहली (B) ग्रेट अंडमानी

(C) मलयालम (D) तमिल

उत्तर-(C)

केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप की आधिकारिक भाषा मलयालम है।

77. ओणम किस भारतीय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का सांस्कृतिक उत्सव है?

(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु

(C) केरल (D) असम

उत्तर-(C)

ओणम केरल राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है। यह त्योहार महाबलि राजा बलि के स्वागत में मनाया जाता है।

78. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक है?

(A) बुध (B) मंगल

(C) चंद्रमा (D) पृथ्वी

उत्तर-(A)

बुद्ध ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक है। सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रहों का क्रम है–बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण एवं वरुण।

79. नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम एशियाई कौन थे?

(A) मदर टेरेसा (B) रबींद्रनाथ टैगोर

(C) राजीव गांधी (D) सी.वी. रमन

उत्तर-(B)

नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम एशियाई रबींद्रनाथ टैगोर थे, जिन्हें यह पुरस्कार वर्ष 1913 में मिला था।

80. निम्न में से किस स्थान पर अजंता-एलोरा की गुफाएं स्थित हैं?

(A) लखनऊ (B) औरंगाबाद

(C) दिल्ली (D) बंगलुरू

उत्तर-(B)

अंजता-एलोरा की गुफाएं औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित हैं।

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (81-85) के उत्तर चुनिए :

धरातल से युद्ध की विभीषिकाओं को सदा-सदा के लिए समाप्त करने के लिए गांधीजी ने विश्व को अहिंसा रूपी अस्त्र प्रदान किया। गांधीजी कहा करते थे कि प्रेम और अहिंसा के द्वारा विश्व के कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है। उन्होंने इन सिद्धान्तों का परीक्षण भी किया और वे नितान्त सफल सिद्ध हुए। हिंसा से हिंसा बढ़ती है, 'घृणा', घृणा को जन्म देती है और प्रेम से प्रेम की अभिवृद्धि होती है। अतः यह निश्चित है कि बिना प्रेम और अहिंसा के विश्व में शांति स्थापित नहीं हो सकती। शांति के अभाव में मानव जाति का विकास सम्भव नहीं। प्रत्येक राष्ट्र का स्वर्णिम-युग वही कहा जाता है, जबकि वहाँ पूर्ण शांति और सुख रहा हो तथा उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य किए जाते हों। भौतिक दृष्टि से व्यापार और कृषि की उन्नति भी शांतिकाल में ही सम्भव होती है, अतः हम यदि विश्व का कल्याण चाहते हैं तो हमें युद्ध का बहिष्कार करना ही होगा। अहिंसा और प्रेम की भावना से विश्व में शांति स्थापित करनी होगी, तभी विश्व में सुखमय एवं शांतिमय राज्य की स्थापना संभव होगी।

81. विश्व शांति की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक है–

(A) परिश्रम और ज्ञान

(B) आत्मीयता और समीपता

(C) अहिंसा और प्रेम

(D) हिंसा और भय

उत्तर-(C)

गद्यांश की अंतिम पंक्तियों से स्पष्ट है कि विश्व शांति की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक 'अहिंसा और प्रेम' है।

82. कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है–

(A) भय द्वारा (B) अहिंसा द्वारा

(C) मौन पालन द्वारा (D) सत्य पालन द्वारा

उत्तर-(B)

गद्यांश की प्रारंभिक पंक्तियों में स्पष्ट रूप से इंगित है कि गांधी जी कहा करते थे कि प्रेम और अहिंसा के द्वारा विश्व के कठोर से कठोर हृदय को कोमल बनाया जा सकता है।

83. किसी भी राष्ट्र के स्वर्णिम-युग के प्रमुख तत्त्व हैं–

(A) शांति, सुख और रचनात्मक कार्य

(B) आध्यात्म और उपासना

(C) धन और सम्मान

(D) धन और वैभव

उत्तर-(A)

गद्यांश की मध्य पंक्तियों में इंगित है कि प्रत्येक राष्ट्र का स्वर्णिम-युग वही कहा जाता है, जबकि वहाँ पूर्ण शांति और सुख रहा हो तथा उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य किए जाते हों।

84. 'नितान्त' शब्द का उपयुक्त पर्याय है–

(A) निम्न (B) विधिवत्

(C) बिल्कुल (D) भलीभाँति

उत्तर-(C)

'नितान्त' शब्द का उपयुक्त पर्याय 'बिल्कुल' है।

85. विश्व में शांति क्यों आवश्यक है?

(A) कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाने के लिए

(B) व्यापार और कृषि की उन्नति के लिए

(C) उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य के लिए

(D) मानव जाति के विकास के लिए

उत्तर-(D)

गद्यांश के अनुसार, मानव जाति के विकास के लिए विश्व में शांति आवश्यक है।

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (86-90) के उत्तर चुनिए।

विज्ञान आज के मानव-जीवन का अविभाज्य एवं घनिष्ठ अंग बन गया है। मानव-जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अश्रुतपूर्व आविष्कारों से अछूता नहीं रहा। इसी से आधुनिक युग विज्ञान का युग कहलाता है। आज विज्ञान ने पुरुष और नारी, साहित्यकार और राजनीतिज्ञ, उद्योगपति और कृषक, पूँजीपति और श्रमिक, चिकित्सक और सैनिक, अभियन्ता और शिक्षक तथा धर्मज्ञ और तत्वज्ञ सभी को और सभी क्षेत्रों में किसी न किसी रूप में अपने अप्रतिम प्रदेय से अनुगृहीत किया है। आज समूचा परिवेश विज्ञानमय हो गया है। विज्ञान के चरण गृहिणी के रसोईघर से लेकर बड़ी-बड़ी प्राचीरों वाले भवनों और अट्टालिकाओं में ही दृष्टिगत नहीं होते, प्रत्युत वे स्थल और जल की सीमाओं को लाँघकर अन्तरिक्ष में भी गतिशील हैं। वस्तुतः विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है। इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का शिरोमणि बन सका है। विज्ञान के अनुग्रह से वह सभी प्रकार की सुविधाओं और सम्पदाओं का स्वामित्व प्राप्त कर चुका है। अब वह ऋत-ऋतुओं के प्रकोप से भयाक्रांत एवं संत्रस्त नहीं है। विद्युत ने उसे आलोकित किया है, उष्णता और शीतलता दी है, बटन दबाकर किसी भी कार्य को सम्पन्न करने की ताकत भी दी है। मनोरंजन के विविध साधन उसे सुलभ हैं। यातायात एवं संचार के साधनों के विकास से समय और स्थान की दूरियाँ बहुत कम हो गई हैं और समूचा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा है। कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उत्पादन की तीव्र वृद्धि होने के कारण आज दुनिया पहले से अधिक धन-धान्य से सम्पन्न है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की देन अभिनन्दनीय है। विज्ञान के सहयोग से मनुष्य धरती और समुद्र के अनेक रहस्य हस्तामलक करके अब अन्तरिक्ष लोक में प्रवेश कर चुका है। सर्वोपरि, विज्ञान ने मनुष्य को बौद्धिक विकास प्रदान किया है और वैज्ञानिक चिन्तन पद्धति दी है। वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति से मनुष्य अन्धविश्वासों और रूढ़ि-परम्पराओं से मुक्त होकर स्वस्थ एवं संतुलित ढंग से सोच-विचार कर सकता है और यथार्थ एवं सम्यक् जीवन जी सकता है। इससे मनुष्य के मन को युगों के अन्धविश्वासों, भ्रमपूर्ण और दकियानूसी विचारों, भय और अज्ञानता से मुक्ति मिली है। विज्ञान की यह देन स्तुत्य है। मानव को चाहिए कि वह विज्ञान की इस समग्र देन को रचनात्मक कार्यों में सुनियोजित करे।

86. वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति ने मनुष्य का सबसे बड़ा उपकार यह किया है कि उसे मुक्ति मिली है—

(A) प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं से

(B) भ्रमपूर्ण रूढ़िवादी विचारणा से ।

(C) पुरानी शिष्ट औपचारिकताओं से

(D) सन्तुलित अनुचिन्तन से

उत्तर-(B)

गद्यांश की अंतिम पंक्तियों से स्पष्ट है कि वैज्ञानिक चिन्तन पद्धति ने मनुष्य का सबसे बड़ा उपकार यह किया है कि उसे भ्रमपूर्ण रूढ़िवादी विचारणा से मुक्ति मिली है।

87. विश्व के परिवारवत लगने का प्रमुख कारण है—

(A) विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास

(B) विज्ञान की जीवन से घनिष्ठता

(C) विज्ञान की गतिशील शक्तियाँ

(D) यातायात एवं संचार साधनों का विकास

उत्तर-(D)

गद्यांश की मध्य पंक्तियों से स्पष्ट है कि यातायात एवं संचार साधनों का विकास होने से पूरा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा।

88. 'हस्तामलक' शब्द से अभिप्रेत है—

(A) स्पष्ट और अनायास बोधगम्य

(B) हाथी के लिए आँवले की तरह

(C) पास में रखे आँवले की तरह

(D) अस्पष्ट परन्तु सायास बोधगम्य

उत्तर-(A)

'हस्तामलक' शब्द से अभिप्रेत स्पष्ट और अनायास बोधगम्य है। 'हस्तामलक' का साधारण अर्थ वह वस्तु या बात जो (हथेली पर रखे आँवले की तरह) पूरी तरह स्पष्ट हो जाए।

89. 'वैज्ञानिक-चिन्तन' पदबंध से आशय है—

(A) स्वस्थ एवं सन्तुलित चिन्तन

(B) वैज्ञानिकों द्वारा किया गया चिन्तन

(C) भावात्मक चिन्तन

(D) परम्परागत चिन्तन

उत्तर-(A)

'वैज्ञानिक चिन्तन' पदबंध से आशय स्वस्थ एवं संतुलित चिन्तन है।

90. विज्ञान मानव की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए कही गई है, क्योंकि इसके बल से मनुष्य—

(A) अन्तरिक्ष के क्षेत्र में हस्तक्षेप कर सकता है।

(B) सभी भौतिक सुविधाओं से सम्पन्न है।

(C) प्रकृति और प्राणिजगत का सिरमौर है।

(D) विद्युत शक्ति का स्वामी है।

उत्तर-(C)

गद्यांश के मध्य में स्पष्ट इंगित है कि विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है। इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का शिरोमणि बन सकता है।

निर्देश (91-95) : प्रश्न दिए गए ग्राफ पर आधारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर दें।

ग्राफ में एक परीक्षा में 7 छात्रों के इतिहास और भूगोल के अंकों का अनुपात दर्शाया गया है।



91. निम्न में से किन छात्रों को भूगोल की अपेक्षा इतिहास में कम अंक मिले?

(A) 4, 5,7 (B) 1, 4, 5, 7

(C) 1, 2, 3, 6 (D) 1, 3, 5, 6

उत्तर-(C)

दिए गए ग्राफ से स्पष्ट है छात्र 1, 2, 3 एवं 6 $\left(\frac{65}{100}, \frac{85}{100}, \frac{35}{100}, \frac{95}{100}\right)$ को भूगोल की अपेक्षा इतिहास में कम अंक प्राप्त हुए।

92. भूगोल में छात्र 3 से 4 के मध्य अंक की प्रतिशत बढ़त है—

(A) आंकड़े अपर्याप्त (B) 90

(C) 20 (D) 15

उत्तर-(A)

भूगोल के छात्र 3 से 4 के मध्य अंक की प्रतिशत कमी या वृद्धि ज्ञात नहीं किया जा सकता इसके लिए आंकड़ा अपर्याप्त है, क्योंकि छात्र 3 का इतिहास और भूगोल का अनुपात $\frac{35}{100}$, इससे भूगोल का अंक 100 अनुपात, इसी प्रकार छात्र 4 का भूगोल में अंक 100 अनुपात होगा। इसमें यह आंकड़ा ज्ञात नहीं है कि किस अनुपात का 100वां भाग भूगोल में अंक प्राप्त हुआ है।

93. इतिहास/भूगोल के अधिकतम अनुपात और न्यूनतम अनुपात का अंतर है—

(A) 1.20 (B) 0.90

(C) 0.50 (D) 0.45

उत्तर-(A)

इतिहास/भूगोल का अधिकतम अनुपात = 1.55 तथा न्यूनतम अनुपात = 0.35 है।

$\therefore$ अभीष्ट अंतर = 1.55 – 0.35 = 1.20

94. छात्र 4 को भूगोल में 60 अंक मिले। उसके इतिहास में अंक हैं—

(A) इनमें से कोई नहीं (B) 75

(C) 68 (D) 48

उत्तर-(B)

छात्र 4 को भूगोल में 60 अंक मिले तो इतिहास में प्राप्तांक

$= 60 \times 1.25 = 75$

95. कितने छात्रों ने भूगोल की अपेक्षा इतिहास से ज्यादा अंक अर्जित किए?

(A) 5 (B) 4

(C) 3 (D) 2

उत्तर-(C)

दिए गए ग्राफ से स्पष्ट है छात्र 4, 5 एवं 7 भूगोल की अपेक्षा इतिहास में ज्यादा अंक अर्जित किए हैं।

अतः इनकी कुल संख्या 3 है।

निर्देश (96-100) : ग्राफ का अध्ययन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे–



96. पहले चार वर्षों के उत्पादन की तुलना में अंतिम चार वर्षों में कच्चे ऊन का उत्पादन.....% बढ़ गया।

(A) 25.0 (B) 19.8

(C) 22.2 (D) 26.8

उत्तर-(C)

पहले चार वर्षों का उत्पादन = 56 + 51 +53 + 65 = 225

अंतिम चार वर्षों का उत्पादन = 76 +58 +68+ 73 = 275

$\therefore$ अंतिम चार वर्षों के उत्पादन में वृद्धि हुई = 275 – 225

= 50

$\therefore$ % वृद्धि $= \frac{50}{225} \times 100 = 22.22\%$

97. आठ वर्षों के दौरान औसत उत्पादन था–

(A) 52.8 MT (B) 50.0 MT

(C) 62.5 MT (D) 67.2 MT

उत्तर-(C)

8 वर्षों के दौरान औसत उत्पादन

$$= \frac{56+51+53+65+76+58+68+73}{8}$$

$$= \frac{500}{8} = 62.5$$

98. उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम प्रतिशत घटत किस वर्ष रही?

(A) 2014-15 (B) 2013-14

(C) 2017-18 (D) 2018-19

उत्तर-(D)

दिए गए ग्राफ से स्पष्ट है कि वर्ष 2018-19 के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम प्रतिशत घटत है।

$\therefore$ % घटत $= \frac{76-58}{76} \times 100$

$$= \frac{1800}{76} = 23.68\%$$

99. 2014-15 में कच्चे ऊन का उत्पादन 2019-20 के उत्पादन का.....था।

(A) $\frac{3}{4}$ (B) $\frac{1}{2}$

(C) $\frac{2}{3}$ (D) $\frac{1}{3}$

उत्तर-(A)

2014-15 में कच्चे ऊन का उत्पादन = 51

2019-20 में कच्चे ऊन का उत्पादन = 68

माना 2014-15 में कच्चे ऊन का उत्पाद 2019-20 के कच्चे उत्पादन का x भाग था।

$\therefore 51 = 68 \times x$

$$x = \frac{51}{68} = \frac{3}{4}$$

100. कच्चे ऊन के उत्पादन में उच्चतम वृद्धि का वर्ष था–

(A) 2019-20 (B) 2016-17

(C) 2020-21 (D) 2017-18

उत्तर-(B)

वर्ष 2019-20 में वृद्धि $= \frac{68-58}{58} \times 100$

$$= \frac{1000}{58} = 17.24\%$$

वर्ष 2016-17 में % वृद्धि $= \frac{65-53}{53} \times 100$

$$= \frac{1200}{53} = 22.64\%$$

वर्ष 2020-21 में वृद्धि $= \frac{73-68}{68} \times 100$

$$= \frac{500}{68} = 7.35\%$$

वर्ष 2017-18 में % वृद्धि $= \frac{76-65}{66} \times 100$

$$= \frac{1100}{65} = 16.92\%$$

अतः 2016-17 में कच्चे ऊन के उत्पादन में अधिकतम वृद्धि हुई।